प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 24.02.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज जारी की पीएम किसान सम्मान निधि की 19वीं किस्त : कहा– केंद्र सरकार की प्राथमिकता में शामिल हैं किसान।**
2. **मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज विधानसभा में कहा– विश्वस्तरीय सुविधाओं के गवाह हैं महाकुम्भ में पहुंचे 63 करोड़ से अधिक श्रद्धालु।**
3. **यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षाएं आज से हुइ शुरू : माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी ने कहा– पूरी तरह से नकल मुक्त होंग इम्तहान।**
4. **केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री सुकांत मजूमदार ने काशी तमिल संगमम के तीसरे संस्करण के समापन समारोह को किया संबोधित : कहा– एक भारत श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना को साकार करता है यह आयोजन।** **और**
5. **महाशिवरात्रि के अवसर पर 25 से 27 फरवरी तक श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर में नहीं होंगे प्रोटोकाल के तहत विशाष दर्शन : सुरक्षा कारणों से 27 फरवरी को निकाली जायेगी शिव बारात।**

———————————

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज बिहार के भागलपुर से पीएम किसान सम्मान निधि की 19वीं किस्त जारी की।**

पीएम किसान योजना की सातवीं वर्षगांठ के अवसर पर जारी की गई इस किस्त से करीब 9 करोड़ अस्सी लाख किसानों को फायदा होगा। आज जारी किस्त में 22 हजार सात सौ करोड रुपये से अधिक की राशि सीधे लाभार्थियों के खाते में भेजी गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि किसान केंद्र सरकार की प्राथमिकता हैं और उनकी हर समस्या के समाधान के लिए सरकार ने पूरी शक्ति से काम किया है। उन्होंने कहा कि सरकार के प्रयासों क कारण आज कृषि क्षेत्र में देश का निर्यात बहुत अधिक बढ़ा है। बाइट....

*बीते वर्षो में सरकार के प्रयासों से भारत का कृषि निर्यात बहुत अधिक बढ़ा है। किसानों को उनकी उपज की ज्यादा कीमत मिलने लगी है कई कृषि उत्पाद ऐसे है जिनका पहली बार निर्यात शुरू हुआ है। किसान कल्याण हमारी प्राथमिकता में है। बीते दशक में हमने किसानों के हर समस्या के समाधान के लिये पूरी शक्ति से काम किया।*

——————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री को सम्मान निधि जारी करने पर धन्यवाद दिया है। अपनी सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने लिखा है कि भारतीय कृषि और अन्नदाता किसानों के उत्थान की उत्कष यात्रा के सारथी आदरणीय प्रधानमंत्री जी का देश एवं उत्तर प्रदेश के सभी कृषक भाई—बहनों की ओर से हार्दिक आभार। सहारनपुर के किसान संवाद सैनी ने प्रधानमंत्री को किसान सम्मान निधि की किस्त जारी करने के लिए आभार जताया। बाइट..

*ये जो किसान सम्मान निधि की योजना चल रही है 19वीं किस्त मेरे खाते में आ चुकी है और मैं इस किसान सम्मान निधि से अपने माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का शुक्रगुजार हूं और मैं बहुत–बहुत बधाई और धन्यवाद देना चाहता हूं। प्रधानमंत्री जी को क्योंकि इन्होंने गरीब किसान के लिये इतनी अच्छी योजना, किसान सम्मान निधि की योजना चलाई है क्योंकि जब किसान को यूरिया की या कृषि के किसी जरूरत होती है तो उस समय पैसे न हो तो अपने किसान सम्मान निधि से उसका पूरा कर सकता है।*

——————————

उत्तर प्रदेश विधानमंडल के बजट सत्र के पांचवें दिन आज मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा में भाग लिया। इस मौके पर उन्होंने विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि वे हाथ में संविधान की प्रति लेकर घूमते हैं, लेकिन राज्यपाल के अभिभाषण के दौरान शोर शराबा करते हुए संवैधानिक पदों पर बैठे लोगों के प्रति विपक्ष ने अपनी सोच को दर्शा दिया है। मुख्यमंत्री ने नेता प्रतिपक्ष से कहा कि महाकुम्भ में अगर विश्वस्तरीय सुविधा नहीं होती तो अब तक 63 करोड़ श्रद्धालु उसका हिस्सा नहीं बनते। बाइट.....

*महाकुंभ में अगर विश्वस्तरीय सुविधा नहीं होती, अब तिरसठ करोड़ से अधिक श्रद्धालु इस महाकुंभ के आयोजन का हिस्सा नहीं होते। अभी दो दिन के बाद महाशिवरात्रि आयेगी आज 24 है कल 25 और परसो 26, 26 फरवरी को मेरा अनुमान है कि जिस प्रकार देश और दुनिया महाकुंभ के प्रति आकर्षित है। यह पैंसठ करोड़ की संख्या पार होगी।*

मुख्यमंत्री के संबोधन के बाद राज्यपाल के अभिभाषण पर लाये गये संशोधन प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया

गया। आज से सदन में बजट पर चर्चा शुरू हुई जो आगामी तीन दिनों तक चलेगी।

वहीं विधान परिषद में आज शून्य प्रहर में समाजवादी पार्टी ने प्रदेश की कानून व्यवस्था का मामला सदन में उठाया। नेता सदन और उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या ने कहा कानून व्यवस्था सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में लोकसभा, राज्यसभा हो या विधान सभा सभी जगह बेटियों को 33 प्रतिशत आरक्षण मिलेगा। सरकार के जवाब से असंतुष्ट सपा सदस्यों ने सदन से वाक आउट किया।

——————————

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद यूपी बोर्ड की परीक्षाएं आज से शुरू हो गई हैं। 12 मार्च तक चलने वाली इन परीक्षाओं को पारदर्शी और शुचितापूर्ण ठंग से सम्पन्न कराने के लिए चाकचौबंद व्यवस्था की गई प्रदेश के 17 जनपदों के 306 परीक्षा केन्द्रों को अति संवेदनशील घोषित किया गया है। माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी ने आज सुबह परीक्षाओं की ऑनलाइन निगरानी के लिए लखनऊ में बने कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि बोर्ड परीक्षाएं पूरी तरह से नकल मुक्त होंगी। बाइट.....

*पिछली बार तैयारी की थी उससे भी ज्यादा इस बार हमारी तैयारी है और हमारी परीक्षाएं बहुत अच्छी सुव्यवस्थित तरीके से चलेंगी किसी प्रकार की कोई नकल की संभावना कहीं से कहीं तक नहीं है। माननीय योगी जी*

*की सरकार है इसमें नकल माफिया झांक भी नहीं सकते और यदि कोई पकड़ा गया तो आजीवन कारावास होगा एक करोड़ का जुर्माना लगेगा।*

——————————

**ब्रेक**

**यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।**

**ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।**

——————————

**प्रयागराज महाकुंभ में बड़ी संख्या में संगम में स्नान के लिए श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला जारी है। आज शाम तक एक करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई। इसी क्रम में मुख्य निर्वाचन अधिकारी ज्ञानेश कुमार ने भी आज त्रिवेणी में स्नान कर मां गंगा से सुख समृद्धि की कामना की।**

**वहीं 26 फरवरी को महाशिवरात्रि की तैयारियों लेकर एनडीआरएफ के डीआईजी एम के शर्मा ने बताया कि स्नान के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए खास इंतज़ाम किए गए हैं। बाइट.....**

*इस बार हमने और ज्यादा तैयारी करके आगे हम बढ़ रहे है, जिसमें हमने कुछ अलग तरीके की बोटे, एक्सट्रा बोट, एक्सट्रा मेनपॉवर का भी हमने*

*यहां डिप्लाइसमेंट किया है। गोताखोर पहले की तरह चुस्त–दुरूस्त है और हमने जल पुलिस, एसडीआरएफ और जो पीएससी के हमारी फ्लेट कम्पनियां है उनके साथ और अच्छी तरीके से समन्वय करके हम आगे बढ़ रहे हैं।*

——————————

**महाकुंभ मेला क्षेत्र में आज एक साथ 15 हजार से अधिक स्वच्छता कर्मियों ने महाभियान चलाकर गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज कराने का प्रयास किया। पेश है एक रिपोर्ट.....**

*महाकुंभ में चलाए गए स्वच्छता के महाअभियान में आज कुम्भ मेला क्षेत्र के 4 अलग अलग स्थानों जैसे हेलिपैड पार्किंग, नागवासुकी क्षेत्र भारद्वाज घाट, झूसी क्षेत्र पुरानी जीटी रोड एवं हरिश्चंद्र घाट, और अरैल क्षेत्र चक्रमाधव घाट में सफाई की गई। गिनीज बुक ऑफ रिकॉर्ड स्थापित करने के लिए 15,000 से अधिक सफाई कर्मियों ने एक साथ पांच मिनट तक सफाई कर रिकॉर्ड दर्ज कराया। गिनीज बुक ऑफ रिकॉर्ड के आब्जर्वर ऋषिनाथ ने बताया कि इससे पहले यह रिकॉर्ड 10 हजार स्वच्छता कर्मियों का था जो पिछले कुंभ 2019 में दर्ज हुआ था। प्रवीण मिश्र, आकाशवाणी समाचार, प्रयागराज।*

——————————

**श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में 25 से 27 फरवरी के बीच किसी भी तरह के प्रोटोकाल व्यवस्था में दर्शन पूजन नहीं होगा। महाकुंभ से काशी में आ रहे श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या और नागा संतों की पेशवाई के मद्देनज़र मंदिर न्यास ने यह निर्णय लिया है। जिलाधिकारी एस.राज लिंगम ने बताया कि उनका प्रयास है कि काशी विश्वनाथ मंदिर में**

गर्भ गृह के चारों दरवाजों से श्रद्धालुओं को दर्शन करवाया जाए।

साथ ही महाकुंभ के पलट प्रवाह को देखते हुए सुरक्षा कारणों से वाराणसी की परम्परागत शिव बारात इस बार महाशिवरात्रि के 1 दिन बाद यानी 27 फरवरी को निकाली जाएगी। और विभिन्न मार्गो से होते हुए राजेंद्र प्रसाद घाट तक जाएगी।

————————

काशी तमिल संगमम के तीसरे संस्करण का आज वाराणसी में समापन हो गया। इस अवसर पर केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री सुकांत मजूमदार और ओडिसा के मुख्यमंत्री मोहन चरण मांझी उपस्थित रहे। केंद्रीय राज्यमंत्री ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि यह कोई साधारण आयोजन नहीं बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक भारत श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना को साकार करने का माध्यम है। 15 फरवरी को शुरू हुए इस आयोजन के तहत तमिलनाडु से लगभग 1000 लोगों ने काशी आकर यहां की संस्कृति को समझा और तमिलनाडु से उसके संबंध के बारे में जाना।

————————

मौसम विज्ञान विभाग ने पूर्वी उत्तर प्रदेश में कई स्थानों पर आगामी 28 फरवरी और एक मार्च को गरज

चमक के साथ बौछारें पड़ने की संभावना जतायी है। विभाग द्वारा जारी पूर्वानुमान के अनुसार कल से 27 फरवरी तक और इसके बाद दो मार्च को मौसम शुष्क रहेगा। साथ ही कल से लेकर दो मार्च तक देर रात और सुबह के समय पूर्वी उत्तर प्रदेश में कहीं कहीं हल्के कोहरे की भी संभावना है।

(समाप्त)